Seventeenth Loksabha

>

Title:Request to give Rs. 30,000 per month salary to the teachers of unaided government schools in Uttar Pradesh.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के 21,000 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय के लगभग 5 लाख शिक्षकों की ओर दिलाना चाहता हूं । माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत कुल छात्रों का लगभग 87-90 प्रतिशत वित्तविहीन विद्यालयों में पढ़ते हैं । वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 21,000 है एवं राजकीय विद्यालय 1350 तथा ऐडेड विद्यालय 4478 हैं ।

महोदय, 21,000 माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय में कार्यरत लगभग 5 लाख शिक्षक अध्यापन कार्य कर रहे हैं । कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए सेवा सुरक्षा नियमावली बनाई जाए एवं समान कार्य के लिए समान वेतनमान दिया जाए ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जब तक समान कार्य का समान वेतन नहीं दिया जाता है, तब तक सही तरह से अध्यापन का कार्य नहीं हो सकता है । मैं मांग करता हूं कि सरकार की तरफ से कम से कम इन शिक्षकों को 30,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए, ताकि ऐसे शिक्षक निश्चिंत होकर छात्र/छात्राओं को शिक्षा दे सकें । माध्यमिक ऐडेड विद्यालय एवं राजकीय विद्यालय में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की जाए ।